



RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME

# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:87 | TUESDAY, DATE: 12-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### पंजाब पुलिस पर राष्ट्रीय महिला आयोग की नजर टेढ़ी

## दुष्कर्म प्रकरण में बैंस की गिरफ्तारी न होने से खफा महिला आयोग की पुलिस को लताड़



**देश में पंजाब पुलिस की स्थिति सबसे खराब : रेखा शर्मा**

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। लोक इंसाफ पार्टी के सुप्रीमो व पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस की दुष्कर्म मामले में गिरफ्तारी न होने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी लुधियाना पुलिस को लताड़ा है। आयोग की चेयरपरसन रेखा शर्मा ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर सख्त नाराजगी जताते कहा कि इस मामले में पंजाब पुलिस की स्थिति देश में सबसे



● सर्किट हाउस में महिला विरोधी अपराधिक मामलों की सुनवाई करती राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपरसन रेखा शर्मा, साथ में पुलिस अधिकारी। -फोटोः विशाल ढल्ल

ज्यादा खराब है। उन्होंने बैंस के खिलाफ विचाराधीन दुष्कर्म मामले में पीड़िता महिला से मुलाकात के बाद सर्किट हाउस में मीडिया से मुखातिब होकर पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखा रोष व्यक्त किया। इसके पहले राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपरसन ने जनता-दरबार के बारे में बताया कि 65 मामलों की सुनवाई हो चुकी है। इसके अलावा और भी कई मामले हैं। हालांकि, उन्होंने कई मामलों में पुलिस के खराब प्रदर्शन पर अफसोस जताया। मोहाली में भी उन्होंने ऐसे ही हालात देखे। उन्होंने खुलासा किया कि वह पिछले हफ्ते सुनवाई के लिए केरल गई तो वहां ऐसी स्थिति नहीं थी। उन्होंने खासतौर पर पूर्व विधायक बैंस का नाम लिए बगैर कथित तौर पर रेप की शिकार महिला का जिक्र किया, जिससे उन्होंने मुलाकात की। चेयरपर्सन ने आश्चर्य जताया कि पुलिस ने अभी तक मामले में आरोपी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। हालांकि पुलिस आयुक्त नए हैं, उन्हें अभी काम करना होगा।

## बुधवार को कई इलाकों में बदं रहेगी बिजली

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। बुधवार 13 अप्रैल को पीएसपीसीएल 11 केवी फीडरों की मरम्मत की मुहिम चलाएगा।



विभागीय स्तर से मिली जानकारी के मुताबिक मरम्मत कार्य के चलते सुबह से शाम तक कई फेज में बिजली बंद रहेगी। पीएसपीसीएल के जनसंपर्क अधिकारी गोपाल शर्मा पिंटा के मुताबिक इस दौरान सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों इंडस्ट्रियल एरिया-ए, घोड़ा रोड से लिंक रोड तक और घोड़ा रोड के आसपास के क्षेत्र शामिल हैं।




### अब ग्लाडा भी आ गया 'आप' के रडार पर

## ग्लाडा में एक्टिविस्ट का धरना, अफसरों पर संगीन इलजाम

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। भ्रष्टाचार के मामले में रहने वाले ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट आथोरिटी यानि ग्लाडा के अफसर भी आत्मनगर हल्के के आप विधायक कुलवंत सिद्धू एडवोकेट के 'रडार' पर आ गए। दरअसल इस महकमे से पीड़ित आरटीआई एक्टिविस्ट अजय कुमार ने ग्लाडा दफ्तर में ही धरना लगा दिया। उनका इलजाम था कि ग्लाडा के अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने बड़ी धोखाधड़ी करके कोलोनाइजरों को इललीगल कालोनियां काटने में मदद की। वह खुद जिस हैदर एन्क्लेव में रहते हैं,





उस कालोनी की रजिस्ट्री ही स्टाम्प पेपरों में गड़बड़ी कर हुई है। मसलन, साल 2013 के स्टाम्प पेपरों पर बाद में कालोनी काटी दिखाई गई।

उन्होंने धमकी दी कि वे सुनवाई न कर मामले को दबाने वाले दोषी अफसरों के खिलाफ अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। और दोषी अधिकारियों पर भी पर्चे कराकर ही दम लेंगे।

**सिद्धू पहुंचे तो मची खलबली :** धरने की जानकारी मिलने पर आप विधायक कुलवंत सिद्धू ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित अजय कुमार से मुलाकात की। फिर मौके पर ग्लाडा के अफसर तलब किए तो स्टाफ में हड़कंप मच गया। एडवोकेट सिद्धू ने बाद में मीडिया कर्मियों से बातचीत में दावा किया कि पीड़ित व्यक्ति ने दस्तावेजी सबूत पेश किए हैं, लिहाजा वह कानूनी जानकार होने के नाते खुद मामले की गंभीरता से जांच कराएंगे। फिर जो भी अफसर-मुलाजिम दोषी साबित होंगे, उनके खिलाफ पर्चे कराएंगे।

## स्टील कारोबारी के बाद अब रीयल स्टेट कारोबारी का पत्नी का किडनैपिंग का प्रयास

### शहर के लोग और कारोबारियों में दहशत का माहौल

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। मंगलवार 5 अप्रैल को शारू इंडस्ट्रीज के मालिक सौरभ जैन, केसरगंज मंडी में व्यापारी से लूट की वारदात का मामला अभी सुलझा भी नहीं कि सोमवार 11 अप्रैल को बाइक सवार लुटेरों ने सिविल लाइन स्थित होटल सिल्वर स्पून के बाहर रियल एस्टेट कारोबारी पर हमला कर उसकी पत्नी और पिता को अगवा करने का मामला सामने आया है। हालांकि सोमवार की रात ताजपुर रोड कंचन नगर पर ताबड़तोड़ गोलियां चलने का एक और मामले से शहर को लोगों में दहशत का माहौल है। कारोबारी




शहर के लोगों में भय है कि पंजाब व स्मार्ट सिटी में लॉ एडं ऑर्डर का माहौल निरंतर बिगड़ता जा रहा है। सोमवार को हुई किडनैपिंग की घटना में आरोपियों ने कारोबारी के पिता से मारपीट कर उन्हें गाड़ी से उतार दिया और पत्नी को कारोबारी की गाड़ी में ही करीब दो घंटे तक घुमाने के बाद जगरांव पुल पर छोड़ कर भाग गए। जानकारी के अनुसार लुटेरे अपने साथ लाखों के जेवरात, मोबाइल फोन और एप्पल की घड़ी ले गए। पुलिस ने इस मामले में रियल एस्टेट कारोबारी न्यू टैगोर नगर निवासी सन्नी गोयल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण और गाड़ी लूटने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार की शाम मुंडियां कलां इलाके से गाड़ी बरामद कर ली। रियल स्टेट कारोबारी सन्नी गोयल ने बताया कि उसके चचेरे भाई की शादी है और सोमवार की रात महिला संगीत का समारोह था।


## स्मार्ट सिटी की पहली महिला डीसी बनी सुरभि मलिक

### 6 अन्य शहरों के डीसी भी बदले गये

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। मंगलवार को वर्ष 2012 बैच की आईएएस सुरभि मलिक को स्मार्ट सिटी की पहली महिला डीसी नियुक्त किया गया। जिसके साथ ही उन्हें कारोबारी शहर की पहली महिला डीसी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। वे पहले भी महानगर में एडीसी डेवलपमेंट, नगर निगम में एडीशनल कमिश्नर के तौर पर कार्यरत रह चुकी हैं। मलिक डीसी वरिंदर शर्मा की जगह चार्ज



लेंगी। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार में सुरभि मलिक फतेहगढ़ साहिब की डिप्टी कमिश्नर रह चुकी हैं। वहीं सुरभि कई जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। इसके अलावा कई और आइएएस अधिकारियों की भी बदली की गई है। लुधियाना के अलावा 6 अन्य शहरों के डिप्टी कमिश्नरों का भी तबादला किया गाय है। जिनमें 2012 बैच के आईएएस विनीत कुमार को मुक्तसर साहिब डीसी, 2013 बैच के आईएएस विशेष सरंगल को कपूरथला डीसी, 2013 बैच के आईएएस नवजोत पाल सिंह रंधावा को शहीद भगत सिंह नगर डीसी, 2013 बैच के आईएएस परिनीत सिंह शेरगिल को फतेहगढ़ साहिब का डीसी, 2014 बैच की आईएएस अमृत सिंह को फिरोजपुर की डीसी, 2014 बैच आईएएस मोनीश कुमार को तरनतारन के डीसी के तौर पर नियुक्त किया गया है।



# गांव नत्थोवाल में एनआरआई और समाजसेवियों ने शिक्षा-सेवा के तहत बनवाई स्कूल की इमारत

## प्रगतिशील लोगों ने समाज के लिए पेश की मिसाल : डिप्टी कमिश्नर



रायकोट, लुधियाना /यूटर्न/12 अप्रैल। डिप्टी कमिश्नर वीरिंदर शर्मा ने यहां गांव नत्थोवाल के प्रगतिशील लोगों को समाज के लिए मार्ग दर्शक बताया। साथ ही अन्य गांवों के निवासियों से भी एनआरआई परिवारों के सहयोग से काया-कल्प करने के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने यहां एनआरआई व समाजसेवी परिवारों की मदद से तैयार सरकारी प्राइमरी स्कूल की इमारत का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। इस समारोह के विशेष अतिथि रायकोट के एसडीएम गुरबीर सिंह कोहली रहे। डीसी शर्मा ने इस भवन के निर्माण में कनाडा निवासी गुरदीप सिंह बुट्टर की भरपूर सराहना की। उनके अकेले परिवार ने ही 25 लाख रुपये से अधिक का योगदान दिया है। साथ ही डिप्टी कमिश्नर ने अन्य परोपकारी लोगों के योगदान की सराहना करते कहा कि गांव नत्थोवाल ने समाज में विकास की एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर ऊंचा करने के लिए स्थानीय और प्रवासी भारतीय लोगों का सहयोग जरूरी है। साथ ही आश्वासन दिया कि ग्राम नत्थोवाल के सरकारी प्राईमरी स्कूल में शिक्षकों की कमी के अलावा अन्य मूलभूत जरूरतों को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा इस गांव को राज्य का एक बेहतर गांव बनाने के लिए जिला प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर ग्राम कल्याण समिति के आगु जगदेव सिंह ने कहा कि इस भवन के लिए गुरदीप सिंह बुट्टर कनाडा, भजन सिंह, पूर्व सरपंच बचन सिंह के परिवार से जसविंदर कौर, साधु सिंह बुट्टर, भाग सिंह अमेरिका परिवार, मास्टर नछतर सिंह, करमजीत सिंह, जगसीर सिंह कनाडा, सरबजीत सिंह, राजिंदर सिंह, सुखदेव सिंह कानूनगो, सूबेदार जसविंदर सिंह, बलौर सिंह सरपंच, प्रीतम सिंह रटोल और अन्य परोपकारी लोगों ने विशेष योगदान दिया है। इमारत पर अब तक लगभग 57 लाख रुपये की लागत आई है, लेकिन इसकी लागत अधिक होने की उम्मीद है। इस ईमारत के बनने से पिछले वर्ष 62 की तुलना में इस वर्ष 120 से अधिक बच्चों ने स्कूल में दाखिला लिया है। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी मोगा प्रभदीप सिंह नत्थोवाल, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राईमरी) लुधियाना श्रीमती जसविंदर कौर, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) राजिन्दर कौर, परमिंदर सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इससे पहले, सुखमनी साहिब पाठ के भोग स्कूल प्रांगण में आयोजित किए गए।



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। खुशियों और उमंगों के त्यौहार बैसाखी की तैयारियां महानगर में जोरो-शोरों से जारी हैं। सभी सामाजिक और धार्मिक संगठन इस पावन पर्व पर समागमों का आयोजन करते हैं। इसी कड़ी में आलमगीर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब में भी सजावट की गई है।

-फोटो: जसपाल सोनू

# भारतीय योग संस्थान के स्थापना दिवस को समर्पित कार्यक्रम हुआ आयोजित

## मई महीने में लगेंगे पेट रोग मुक्ति शिविर



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। भारतीय योग संस्थान के 56 वें स्थापना दिवस को समर्पित कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। योग संस्थान की पंजाब इकाई के प्रधान कुंदन विरमानी ने बताया कि इस साल भी 10 अप्रैल को संस्थान का स्थापना दिवस उत्साह और श्रद्धा से मनाया गया। इसी कड़ी में पंजाब के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों और दूसरे देशों में भी कार्यक्रम हो रहे हैं। इस अवसर पर साधकों और आम लोगों को आमंत्रित किया जाता है। ताकि उन्हें योग के साथ जोड़कर इसकी घर-घर पहचान बनाई जा सके। एक केंद्र से 56 वर्ष पहले शुरू हुआ भारतीय योग संस्थान का यह सफर देश के 23 प्रांतों व है के अलावा 10 देशों में 4000 से अधिक केंद्रों तक पहुंच चुका है। जिसके साथ जुड़े लाखों साधक प्रतिदिन योग की निःशुल्क शिक्षा लेकर शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ उठा रहे हैं।

# पंजाबी फिल्म 'मां ' का गीत 'रब्ब दा रूप' किया रिलीज़

## मां की अहमियत को समर्पित है यह गीत



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। हम्बल मोशन पिक्चर्ज़ की नई घोषित फिल्म 'माँ ' ने पहले ही अपने टीज़र से दर्शकों को खुश कर दिया है। अब फिल्म का गीत 'रब्ब दा रूप' रिलीज़ किया गया है, जो माँ को समर्पित है। इस गाने को मशहूर सिंगर हरभजन मान ने अपनी आवाज दी है।

गाने के बोल हैप्पी रायकोटी ने लिखे हैं और संगीत जय के ने दिया है। गीत का हर शब्द हमारे जीवन में 'माँ' की उपस्थिति के महत्व को बताता है। भगवान को सर्वव्यापी कहा जाता है, फिर भी हमें ज़िन्दगी की कशमकश के अंधेरे से बाहर निकालने के लिए एक शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है, इसलिए उन्होंने 'माँ' बनाई, हमारी सभी प्रार्थनाओं और सवालों का जवाब दिया है। माँ में गिप्पी ग्रेवाल, गुरप्रीत घुग्गी, दिव्या दत्ता, बब्बल राय, प्रिंस कंवलजीत, वड्डा ग्रेवाल, रघवीर बोली और आरुषि शर्मा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बलजीत सिंह देओ ने फिल्म का निर्देशन किया है और राणा रणबीर ने कहानी लिखी है। गिप्पी ग्रेवाल और रवनीत कौर ग्रेवाल द्वारा निर्मित और भाना एलए और विनोद असवाल द्वारा सह-निर्मित है। गीत के बारे में गिप्पी ग्रेवाल कहते हैं कि एक माँ के प्यार का वर्णन कभी नहीं किया जा सकता है और उसके बिना दुनिया अकल्पनीय है।

# उमबेरा ग्रुप के मालिक विनोद कांसल की माता पंचतत्व में विलीन



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। रीयल एस्टेट सेक्टर की बड़ी कंपनी उमबेरा ग्रुप के मालिक विनोद कांसल की माता श्रीमती अनीता रानी का निधन के बाद मंगलवार दोपहर 1:30 बीआरएस नगर सुनेत गांव के श्मशान घाट में विधिवत तरीके से अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती अनीता रानी के निधन पर समूह कारोबार जगत में शोक की लहर है। उनके निधन पर डॉ. अनिल अग्रवाल, महेंद्र गोयल, कमल चेतली, राजीव गांधी, अशोक मल्होत्रा, राकेश कपूर, दीपक बदयाल, राहुल मनोचा, नीरज गुप्ता, एसएस खुराना, सहित कई अन्य ने शोक जताया।



## राज कुमार गोयल की अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 11 बजे

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। पंजाब पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एस.सी. राज कुमार गोयल का मंगलवार को बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को प्रातः 11 बजे जमालपुर श्मशान घाट पहुंचेगी। उनके निधन से समूह डाइंग इंडस्ट्री व उन्हें जानने वालों में शोक का माहौल है।

# फिरोजपुर में आप कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

## विधायक ने कहा- आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा



फिरोजपुर / यूटर्न / 12 अप्रैल। मंगलवार को पंजाब के फिरोजपुर में पुरानी रंजिश में छह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता को रास्ते में घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। दो गोली उसके सिर में जाकर लगी और मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर वहां पर डीएसपी संदीप सिंह मंड पुलिस पार्टी संग पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वारदात जीरा विधानसभा के गांव मस्तेवाला की है। मृतक 34 वर्षीय दलजीत सिंह के भाई गुरप्रीत सिंह ने बताया कि गेहूं की कटाई के संबंध में दोनों भाई बाइक पर सवार होकर खेत गए थे। रास्ते में पहले से कांग्रेस कार्यकर्ता निरवेल सिंह, बख्शीश सिंह, लक्खा सिंह, रणजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, सोनू निवासी मस्तेवाला व कुछ अज्ञात व्यक्ति हथियारों से लैस खड़े थे। सभी आरोपियों ने दोनों को घेर लिया। आरोपी निरवेल सिंह ने पिस्तौल निकाल उसके भाई दलजीत पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगा। किसी तरह वह खुद आरोपियों के चंगुल से निकल कर गांव पहुंचा और ग्रामीणों को एकत्रित कर जब वारदातस्थल पर लौटा तो उसका भाई मर चुका था।

## पंजाब व हरियाणा के दक्षिणी क्षेत्रों के लिए 15 अप्रैल से ऑरेंज अलर्ट

चंडीगढ़ / यूटर्न / 12 अप्रैल। चंडीगढ़ मौसम विभाग केंद्र ने 15 अप्रैल के बाद पंजाब और हरियाणा के दक्षिण क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के निदेशक डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि बुधवार को पंजाब-हरियाणा के साथ चंडीगढ़ के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। लेकिन आज पंजाब और हरियाणा में गर्म हवाओं के चलने से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन मंगलवार को चंडीगढ़ में बादल छाए रह सकते है और बुधवार को बारिश हो सकती है। निदेशक सिंह ने कहा कि 12 अप्रैल को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। लेकिन इसका असर चंडीगढ़ में बहुत कम देखने को मिलेगा। हालांकि मौसम में बदलाव जरुर रहेगा और बादल छाए रह सकते है। लेकिन उसके बाद गर्मी एक बार फिर से अपना प्रकोप दिखाना शुरु करेगी।

जन्मदिन मुबारक



बनीत



पवन शर्मा



डॉ. करन चावला

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

### पूर्व कांग्रेसी सरकार की दूसरी बार फजीहत

# मत्तेवाड़ा में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने पर रोक लगा, एनजीटी ने मांगी रिपोर्ट

## गलती पर गलती : पहले सिधवां कैनाल वाटर फ्रंट को लेकर हुई थी किरकिरी

लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। महानगर की सीमा को जोड़ने वाले मत्तेवाड़ा के जंगल की कुदरती खूबसूरती खत्म होने का खतरा देख नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि एनजीटी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस जंगल में तकरीबन 957 एकड़ में राज्य सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल पार्क बनाने वाले ड्रीम-प्रोजेक्ट पर ट्रिब्यूनल ने आखिरकार रोक लगा दी। पब्लिक एक्शन कमेटी के प्रेसिडेंट इंजीनियर कपिल अरोड़ा ने एनजीटी के इस फैसले पर संतोष जताते हुए यह खुलासा किया। दरअसल इस मामले में ट्रिब्यूनल ने गत दिनों आदेश जारी कर एक कमेटी का गठन किया। जो दो महीने के दौरान



● फिर फंसी पिछली सरकार....पब्लिक एक्शन कमेटी के प्रेसिडेंट इंजीनियर कपिल अरोड़ा एनजीटी के फैसले की जानकारी देते हुए, साथ में कमेटी मेंबर्स। -फोटोः विशाल ढल्ल



● मत्तेवाड़ा का जंगल, जिसके पास इंडस्ट्रियल पार्क बनाने पर फिलहाल एनजीटी ने रोक लगा दी है।

विस्तार से रिपोर्ट बनाकर एनजीटी को सौंपेगी। जिला मजिस्ट्रेट इस कमेटी के नोडल अफसर नियुक्त किए गए हैं। जबकि कमेटी में पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड यानि पीपीसीबी, ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट आथोरिटी यानि ग्लाडा व जंगलात महकमे के अफसर भी शामिल किए हैं।एनजीटी के आदेशानुसार यह कमेटी दो महीने में सतलुज दरिया के आसपास फ्लड प्लेन एरिया सहित पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में डिटेल रिपोर्ट पेश करेगी। एनजीटी ने



● एनजीटी ने बीते दिनों ही नगर निगम के ड्रीम-प्रोजेक्ट सिधवां कैनाल वाटर फ्रंट में पेड़ों के इर्दगिर्द लगी टाइलें, पत्थर वाली बैंच जंगलात महकमे ने एनजीटी के निर्देश के बाद उखाड़ फेंकी थीं। -फाइल फोटो

दोटूक कहा है कि इस एरिया में डेवलपमेंट से होने वाले नुकसान के लिए संबंधित एजेंसियां ही जिम्मेदार होंगी। बकौल, इंजीनियर अरोड़ा, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मत्तेवाड़ा जंगल के पास 957 एकड़ में इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की योजना बनी थी। जिसमें पर्यावरण को होने वाले नुकसान को नजरअंदाज किया गया था। लिहाजा उन्होंने इस मामले में एनजीटी में याचिका लगाई थी। पिछले साल 25 मई को एनजीटी ने पंजाब सरकार को सतलुज दरिया के फ्लड प्लेन एरिया व मत्तेवाड़ा जंगल की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने की हिदायत दी थी।

बेशक एनजीटी के निर्देश पर तब सरकार ने इस योजना के मास्टर प्लान में बदलाव किया। इसमें मत्तेवाड़ा जंगल के दोनों ओर नो-मैन्युफेक्चरिंग जोन को बदलते हुए इंडस्ट्रियल पार्क की मंजूरी दी। फिर सात मार्च, 2022 को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट एचसी अरोड़ा के जरिए उन्होंने एनजीटी में दोबारा याचिका लगाई।

# 2030 तक कपड़ा उद्योग होगा 100 अरब डॉलर का : पीयूष गोयल

नई दिल्ली / यूटर्नः कपड़ा उद्योग की ग्रोथ काफी शानदार है। सरकार इस इंडस्ट्री का निर्यात 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की कोशिश क। केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि UAE और ऑस्ट्रेलिया में कोई ड्यूटी न लगने से सेक्टर को और बूस्ट मिलेगा। साथ ही निर्यात बढ़ेगा। बता दें कि भारत ने दोनों देशों से कारोबारी समझौता किया है। इसके अलावा भारत यूरोपीय यूनियन, कनाडा, ब्रिटेन और Gulf Cooperation Council के दूसरे सदस्य देशों में भी निर्यात को ड्यूटी फ्री करने की कोशिश कर रहा है। गोयल ने एक कार्यक्रम कें कहा कि भारत इन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है। बीते कारोबारी साल में



कपड़ा उद्योग 43 अरब डॉलर का था जबकि इससे पहले यह 33 अरब डॉलर का रहा था। गोयल ने कहा कि कपड़ा उद्योग बड़ी तेजी से बढ़ रहा है और हम 2030 तक निर्यात को 100 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। इसे पाने के लिए देश हर तरह का प्रयास करेगा। गोयल ने कहा कि वैश्विक हालात बदल रहे हैं और इससे उद्योग को निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही कपड़ा मंत्री ने देश में कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। उनके मुताबिक अभी जितना कपास उग रहा है वह वैश्विक औसत से आधा है। बता दें कि अभी एक हेक्टेयर में 500 किलो कपास उग रहा है। गोयल ने कहा कि कपास की कीमत इस समय काफी ऊंची है और सरकार उस पर लगातार नियंत्रण रख रही है। उनके मुताबिक नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत इसलिए है ताकि किसानों और उद्योग दोनों को कपास की सही कीमत मिल सके।

# मदर डेयरी बंगाल में मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों का विस्तार करेगी

कोलकाता / यूटर्नः राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वह अगले पांच वर्षों में पश्चिम बंगाल में मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाकर और अधिक जिलों तक अपनी पहुंच का विस्तार करने को तैयार है। आइसक्रीम, दही और मक्खन सहित कंपनी के मूल्यवर्धित डेयरी उत्पाद वर्तमान में राज्य के 10 जिलों में उपलब्ध हैं, और इसका लक्ष्य पांच साल के भीतर 20 जिलों तक पहुंचना है। मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल के डेयरी उत्पादों के कारोबार प्रमुख, संजय शर्मा ने कहा, "पूर्वी क्षेत्र हमारे मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों के पोर्टफोलियो के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, जिसने पिछले पांच वर्षों में लगभग 35 प्रतिशत की सालाना वार्षिक वृद्धि (सीएजीआर) हासिल की है। आगे चलकर हम पूरे क्षेत्र में पोर्टफोलियो और विनिर्माण क्षमताओं के साथ-साथ अपनी ब्रांड उपस्थिति और पहुंच बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, जो हमेशा हमारी विस्तार रणनीतियों के केन्द्र में रहेगा। शर्मा ने अपनी लोकप्रिय मदर डेयरी मिष्टी दोई (मीठा दही) के लिए एक टीवीसी (टेलिविजन विज्ञापन) के नेतृत्व वाले अभियान के शुभारंभ पर कहा, कंपनी का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में लगभग 17,000 बिक्री केन्द्रों की मौजूदा संख्या को 30,000 से अधिक करना है।




# ट्राई का स्पेक्ट्रम के आधार मूल्य में 39 प्रतिशत कटौती का सुझाव




नई दिल्ली / यूटर्नः दूरसंचार नियामक ट्राई ने नवीनतम 5जी तकनीक और तेज रफ्तार मोबाइल सेवाओं के स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य में करीब 39 प्रतिशत की कटौती करने की सोमवार को सिफारिश की। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने स्पेक्ट्रम कीमतों के संदर्भ में अपनी बहु-प्रतीक्षित सिफारिशें पेश करते हुए 5जी स्पेक्ट्रम बैंड के लिए आरक्षित मूल्य को पिछली बार की तुलना में 35 प्रतिशत कम रखने का सुझाव दिया है। इस तरह ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों की स्पेक्ट्रम की कीमत चुका पाने की क्षमता को भी ध्यान में रखा है। ट्राई ने कहा कि 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज एवं 2500 मेगाहट्र्ज के मौजूदा बैंड और 600 मेगाहट्र्ज, 3300-3670 मेगाहट्र्ज एवं 24.25-28.5 गीगाहट्र्ज के नए स्पेक्ट्रम बैंड में सभी मौजूदा स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी। ट्राई ने एक बयान में कहा, "दूरसंचार सेवा-प्रदाताओं को लचीलापन देने के लिए 3300-3670 मेगाहट्र्ज बैंड के लिए 10 मेगाहट्र्ज और 24.25-28.5 गीगाहट्र्ज के लिए 50 मेगाहट्र्ज का ब्लॉक रखने की सिफारिश की गई है।

# नीति आयोग के राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक में गुजरात बड़े राज्यों में शीर्ष पर

नई दिल्ली / यूटर्नः आयोग के राज्य ऊर्जा एवं जलवायु सूचकांक - चक्र 1 (एसईसीआई) में गुजरात ने बड़े राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस सूचकांक का मकसद छह मानकों पर राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग करना है, जिसमें बिजली वितरण कंपनियों का प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा की पहुंच शामिल हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात के बाद केरल और पंजाब का स्थान है। इस सूची में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे राज्य सबसे पीछे रहे। छोटे राज्यों में गोवा सूचकांक में सबसे ऊपर है।

उसके बाद त्रिपुरा और मणिपुर का स्थान है। एसईसीआई चक्र-1 का




मकसद छह मानकों पर राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की रैंकिंग करना है। इन मानकों में (1) बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का प्रदर्शन, (2) ऊर्जा की पहुंच, वहनीयता तथा विश्वसनीयता, (3) स्वच्छ ऊर्जा पहल, (4) ऊर्जा दक्षता, (5) टिकाऊ पर्यावरण तथा (6) नई पहल शामिल हैं। इन मानकों में कुल 27 संकेतक शामिल हैं। राज्य और केंद्रशासित प्रदेश सूचकांक का उपयोग करके अपने मानक की तुलना कर सकेंगे और बेहतर नीति व्यवस्था विकसित करने में सक्षम होंगे। केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में चंडीगढ़ सबसे ऊपर है। इसके बाद दिल्ली और दमन तथा दीव / दादरा तथा नगर हवेली हैं। डिस्कॉम प्रदर्शन के लिहाज से बड़े राज्यों में पंजाब को पहला स्थान मिला, जबकि ऊर्जा की पहुंच, वहनीयता तथा विश्वसनीयता श्रेणी में केरल शीर्ष पर रहा। इसी तरह बड़े राज्यों में स्वच्छ ऊर्जा पहल श्रेणी में हरियाणा और ऊर्जा दक्षता श्रेणी में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बढ़िया रहा। सूचकांक 2019-20 के आंकड़ों पर आधारित है।

# रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की कर्ज समाधान प्रक्रिया अटकी

नई दिल्ली / यूटर्नः कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की लोन समाधान प्रक्रिया के लिए रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक और ऋणदाताओं के बीच मतभेद पैदा हो गए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि आरसीएल और इसकी सहायक कंपनियों के लोन समाधान के लिए 25 मार्च तक 54 बोलियां प्राप्त हुई थीं, जो आरसीएल के लिए अभिरुचि पत्र (ईओआई) भेजने की आखिरी तारीख थी। सूत्रों ने बताया कि 22 ईओआई आरसीएल के लिए एक कंपनी के तौर पर आए जबकि बाकी बोलियां इसकी आठ सहायक कंपनियों में से अलग-अलग के लिए लगाई गई। सूत्रों के अनुसार, आरसीएल ने सभी बोली लगाने वालों को दो विकल्प दिए। पहले विकल्प के तहत कंपनियां, रिलायंस कैपिटल के लिए बोली लगा सकती हैं, जिसमें उसकी आठ सहायक कंपनियां या क्लस्टर शामिल हैं।

वहीं, दूसरे विकल्प के तहत कंपनियों को उसकी सहायक कंपनियों के लिए अलग-अलग या एक साथ बोली लगाने की सुविधा दी गई थी। बता दें कि आरसीएल के प्रमुख सहायक कंपनियों में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस, रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस, रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन और रिलायंस सिक्योरिटीज हैं।

## भारत में सबसे ज्यादा सोना मध्यम आय वर्ग के लोग खरीदते हैं : रिपोर्ट

मुंबई / यूटर्नः मध्यम आय वर्ग के लोग अधिक सोना खरीदते हैं और भौतिक रूप में सोने को रखना पसंद करते हैं। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई है। इंडिया गोल्ड पॉलिसी सेंटर (आईजीपीसी) की सोना एवं स्वर्ण बाजार-2022 की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि उच्च आय वर्ग के लोग डिजिटल या 'पेपर फॉर्मेट' (कागजी इस्तावेज के रूप) में सोना रखने में रुचि रखते हैं। प्रति व्यक्ति सोने की खपत अमीरों में सबसे अधिक है, लेकिन इसकी कुल मात्रा अभी भी मध्यम आय वर्ग के पास है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश खपत 2-10 लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के परिवारों में है, जो औसत मात्रा का लगभग 56 प्रतिशत है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने बढ़ाया विस्तार



लुधियाना / यूटर्न / 11 अप्रैल। स्कोडा ऑटो इंडिया ने उत्तर भारत के बाजार में अपनी मौजूदगी का लगातार विस्तार कर अपने विकास की कहानी को आगे बढ़ाया है। इसके नतीजे के तौर पर उत्तर भारत में कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। 2019 में उत्तर भारत में कस्टमर टचपॉइंट्स की संख्या 25 थी, जो 2021 में बढ़कर 51 तक पहुंच गई। इसके अलावा स्कोडा ऑटो इंडिया ने शहरी सेंटर्स में अपने आधार का काफी ठोस तरीके से विस्तार करते हुए 127 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। 2019 में कंपनी का दायरा 15 शहरों तक फैला था, जो 2022 में 34 शहरों तक हो गया। इस क्षेत्र में यह बढ़ोतरी स्कोडा ऑटो इंडिया की 2.0 रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत कंपनी ने न सिर्फ नए प्लेटफॉर्म और नए प्रॉडक्ट्स लॉन्च किए, बल्कि भारत में स्कोडा इंडिया के कई शहरों में कस्टमर टचपाइंट्स की संख्या बढ़ाकर उपभोक्ताओं तक कंपनी की नजदीकी पहुंच सुनिश्चित की है। उत्तर भारत में डीलर नेटवर्क के तेजी से विस्तार करने के नतीजे के तौर पर कंपनी के कारोबार में 173 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# धार्मिक एनिमेटेड फिल्म में योगदान देने वाली संगत की अद्वितीय सेवा

## 'सुप्रीम मदरहुड : द जर्नी ऑफ़ माता साहिब कौर जी 14 अप्रैल को रिलीज़

लुधियाना/यूटर्न/12अप्रैल। फिल्म के निर्देशक डॉ.बाबा करनदीप सिंह आध्यात्मिक उपदेशक, सिख युवाओं को प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान पीढ़ी द्वारा अपनाई नए दौर की संस्कृति विनाशकारी है। बाबा जी ने युवाओं को इस नए दौर में अपनी भाग्य को विनाश न करने और उन्हें अध्यात्मकिता की ओर आकर्षित करने की पहल की। इसीलिए वह खालसा पंथ की मां यानि माता साहिब कौर जी के बारे में संगत, विशेषकर लड़कियों को 'साखियाँ' सुनाने लगे। लड़कियों पर सकारात्मक प्रभाव देखकर बाबाजी ने महसूस किया कि माता जी के व्यक्तित्व को दुनिया भर की सभी लड़कियों को जानना चाहिए। इसलिए उन्होंने माता साहिब कौर जी के




अविश्वसनीय जीवन पर एक एनिमेटेड फिल्म बनाने का विचार प्रस्तावित किया। इस महान आयोजन की घोषणा बाबा जी ने 2017 में एक 'समागम' के दौरान की थी। संगत ने इस विचार की सराहना की और परियोजना का हिस्सा बनने के लिए भी तैयार थे। दरअसल बाबा जी पेशेवर रूप से एक फिल्म निर्माता नहीं थे, उन्होंने दुनिया भर में संगत को हर संभव तरीके से योगदान करने के लिए एक खुला निमंत्रण दिया। समय के साथ, फिल्म ने "संगत के लिए और संगत द्वारा" टैगलाइन को आकर्षित किया। यह पूरी तरह से संगत के नेतृत्व वाला और संगत-वित्त पोषित प्रोजेक्ट था, जिसने इसे सिनेमा के इतिहास में अपने जैसा एक तरह का बना दिया। वॉलेंटियरी टीम के दो सदस्यों भगवंत कौर व तजिंदर कौर ने सिर्फ फिल्म बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई, बल्कि वे माता जी की यात्रा के प्रभाव का एक उदाहरण भी हैं। भगवंत कौर ने अपनी शिक्षण नौकरी छोड़ दी और एक जज़्बे से भरी जीवन शैली शुरू कर दी।

# सीआईआई का डेलीगेशन मिला सीपी से



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। सीआईआई के लुधियाना चैप्टर का डेलीगेशन प्रेसिडेंट व हवेली राम बंसी लाल के एमडी अश्विन नागपाल की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर डॉ.कौस्तुभ शर्मा से मिला। इस मौके पर सीआईआई के वाइस चेयरमैन व एमडी एवन साइकिल ऋषि पाहवा, एवन साइकिल के चेयरमैन ओंकार सिंह पाहवा, अमित थापर चेयरमैन सीआईआई पीबी जोन समेत अन्य इंडस्ट्रियलिस्ट मौजूद रहे। कारोबारियों ने उनको फोकल प्वाइंट और अन्य कारोबारी इलाकों की कानून-व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। सीपी शर्मा ने भरोसा दिलाया कि वह कारोबारियों की समस्याओं को हल कराने के लिए पहल के आधार पर प्रयास करेंगे।

# एमबीए बैच 2019-21 की छात्रा अदिति ने स्टार्ट अप इंडिया में किया पंजीकृत

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। पीसीटीई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट एमबीए बैच 2019-21 की छात्रा अदिति के नैपपैड स्टार्ट-अप डीपीआईआईटी के तहत स्टार्ट अप इंडिया में पंजीकृत कर दिया गया है और इसके साथ कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय एवं आरकेवीवाई-रफ्तार द्वारा 5 लाख रुपये की ग्रांट भी प्राप्त हुई है पीसीटीई में एंटरप्रेन्योर सेल द्वारा शुरू की गई आइडिया जनरेशन और स्टार्टअप फॉर्मेशन वर्कशॉप पर 3 दिनों की कार्यशाला के दौरान नैपपैड शुरू करने का विचार शुरू हुआ, जो सभी छात्रों को बॉक्स से बाहर सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है। अदिति ने कहा कि इस



तरह उन्होंने केले के पत्तों से सैनिटरी नैपकिन बनाने की तरकीब पर काम किया । यह विचार हिट हो गया और इंस्टीट्यूशन की इनोवेशन काउंसिल और एमएचआरडी के इनोवेशन सेल, एआईसीटीई, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2020 के ग्रैंड फिनाले में भी पहुंच गया और संयुक्त विजेता के रूप में INR 50000 / - जीता। उन्होंने आगे व्यवसाय शुरू करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए आकाओं का आभार व्यक्त किया।

# दयानन्द मेडिकल अस्पताल में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। दयानन्द मेडिकल अस्पताल में मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया इस साल का थीम था "Remain at home amid coronavirus, protect mother and infant safe from coronavirus"इस मौके के उपलक्ष में नर्सिंग स्टूडेंट्स ने एक प्रदर्शनी लगाई जिस में उन्होंने लोगो को सुरक्षित मात्तव और डिलीवरी के बाद किन किन चीज़ों का ध्यान रखना चाहिए के बारे में जागरूक किया। मौके पर सेक्रेटरी डी एम सी एच मैनेजिंग सोसाइटी प्रेम कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि थे और प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग डॉ ट्रिज़ा जीवन, प्रोफेसर निधि सागर वाईस प्रिंसिपल, डॉ आशिमा तजेना



प्रोफेसर एंड हेड ओबस्ट एंड ग्यानी भिवाग, डॉ सुमन पूरी प्रोफेसर ऍंड यूनिट हेड डॉ श्वेता गुप्ता प्रोफेसर और डॉ पूजा टंडन एसोसिएट प्रोफेसर मौजूद थे। सेक्रेटरी डी एम सी एच मैनेजिंग सोसाइटी प्रेम कुमार गुप्ता ने कॉलेज ऑफ़ नरसिंग को इस प्रोग्राम आयोजित करने क लिए बधाई दी और कहा के इस दिन को मनाने का मुख्य मकसद लोगों में जागरूकता लाना है क्यों के हर महिला को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान जीने और जीवित रहने का अधिकार है। डॉ. अश्विनी के चौधरी चिकित्सा अधीक्षक, प्रोफेसर और न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख ने कहा कि मातृ मृत्यु दर को रोकने और कम करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. ट्रीज़ा जीवन ने सुरक्षित मातृत्व में नर्सों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा प्राथमिक ध्यान बेहतर नर्सिंग और बेहतर नर्सिंग तकनीकों पर है क्योंकि नर्सें अग्रिम पंक्ति में हैं और जनता और विशेष रूप से खराब सेवा वाले ग्रामीण समुदायों के बीच उनकी पहुंच बेहतर है।

# मिशन स्माइल का तीसरा जन्म दिन बाल भवन सराभा नगर में मनाया गया



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। मिशन स्माइल एन जी ओ जिसका मक्सद हैं खुशियां बांटना आज उसे तीन साल पूरे हो गए हैं। मिशन स्माइल पिछले तीन साल से कभी अलग अलग तरीके से ज़रूरतमंदो को खुशियाँ बांट रहा है और सेवा कर रहा है। मंगलवार को मिशन स्माइल का तीसरा जन्म दिन बाल भवन सराभा नगर में मनाया गया। एन जी ओ की प्रेजिडेंट सोनिया छाबड़ा और वाइस प्रेसिडेंट मंजू सेठी ने बताया कि इस अवसर पर वैसाखी की रोंन्के देखने को मिली, बच्चों के चेहरे पे खुशियां लाने के लिए और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए मिशन स्माइल की मेंबर कृतिका ने आश्रम के बच्चों को भांगरा तैयार करवाया।

# पुडा का एस.ओ. एक लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मंगलवार को पंजाब शहरी विकास प्राधिकरण (पुडा) एस.ए.एस. नगर के अनुभाग अधिकारी दविन्दर कुमार को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि अनुभाग अधिकारी (एस.ओ.) दविन्दर कुमार को निर्मल सिंह निवासी फेज़ 11, एस.ए.एस. नगर की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। उसने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से संपर्क कर दोष लगाया था कि उपरोक्त दोषी एस.ओ. उसको फेज 11 में अलॉट किया हुआ बूथ रद्द ना करने के लिए 1,00,000 रुपए की माँग कर रहा था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पहले भी उक्त मुलजिम़ को रिश्वत के तौर पर 50,000 रुपए दे चुका है, परन्तु वह उसे डरा-धमका कर एक लाख रुपए की और रिश्वत की माँग कर रहा है।

# स्प्रिंग डेल पब्लिक में तेरी कनक दी राखी लोकनाच पर मची बैसाखी की धूम



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में बैसाखी की धूम देखने योग्य थी। इस अवसर पर सारा स्कूल गेहू के रंग की तरह सुनहरी हो गया। सारे बच्चों के चेहरों पर बैसाखी का उत्साह देखने योग्य था। इस दौरान K1 से कक्षा दूसरी तक के सभी बच्चे गभरु और मुटियारों के रूप में सजे पंजाबी सांस्कृतिक को दर्शा रहे थे। इस दौरान पहली कक्षा के बच्चों ने हमारी प्यारी अमृतधारी शब्द का उच्चारण करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस तरह इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा पांचवी से आठवीं तक के बच्चों ने ढाडी वार तंबू विच तलवार खड़की का उच्चारण करके सबके अंदर जोश की लहर दौड़ा दी। इसके बाद बच्चों द्वारा पेश किए लोकनाच तेरी कनक दी राखी ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान पंजाबी सांस्कृतिक परिधानों में सजे बच्चों के बीच सिंह इज किंग और कौर दी टौरमुकाबला भी हुआ। स्कूल के माननीय चेयरपर्सन मैडम अविनाश कौर वालिया जी ने सभी बच्चों और स्टाफ को बैसाखी की बहुत-बहुत बधाई दी और साथ ही बच्चों को हर मैदान विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



थोड़ी राहत...दोपहर के वक्त आसमान पर बादल छाने के दौरान पीएयू में सन्नाटे वाली सड़क से गुजरता बाइक सवार। -फोटोः विशाल ढल्ल

# खालसा कालेज में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का आगाज



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। खालसा कालेज फार वूमेन सिविल लाइंस में दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट का आगाज मंगलवार से हो गया। हाकी के अवार्डी बलदेव सिंह द्रौणाचार्य मुख्य मेहमान के तौर पर पहुंचे। पंजाब बास्केटबाल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी तेजा सिंह धालीवाल विशेष अतिथि पहुंचे। कालेज प्रिंसिपल डा. मुक्ति गिल ने मुख्य मेहमानों का स्वागत किया। मुख्य मेहमान ने अपने संबोधन में खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शपथ दिलाई कि वे ईमानदारी से अपनी सेवाएं निभाएंगे। वहीं छात्रों को जीवन में खेलों के महत्व के बारे में भी बताया और कहा कि खेलें इंसान में टीम भावना और आत्मविश्वास लाती हैं। इससे पहले गुब्बारे छोड़ एथलेटिक मीट का आगाज किया गया और जुंबा परफार्मेंस दी गई। इस मौके पर पचास मीटर रेस, स्पून रेस, पोटैटो रेस, जैवलिन थ्रो, शाटपुट, हाई जंप, लांग जंप, थ्री लेग्ड रेस इत्यादि आयोजित की गई।



सन्नाटा...भीषण गर्मी के चलते महानगर में समराला चौक के पास बिजी रहने वाले एलिवेटेड रोड पर इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए।
-फोटोः जसपाल सोनू

## आधी आबादी, अपराध और इंसाफ

नारी सशक्तिकरण और समाज में आधी आबादी को बराबरी का दर्जा देने के सियासी-सरकारी दावे ऊपर से नीचे तक हमेशा से सवालिया घेरे में रहे हैं। यहां ऐसे ही मामलों की सुनवाई करने पहुंची राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा की टिप्पणी बेहद गंभीर मानी जाएगी। उनके मुताबिक केरल की तुलना में पंजाब में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली बेहद चिंताजनक है। बेशक, उन्होंने यह भी संकेत दिए कि रसूखदारों-राजनेताओं के खिलाफ ऐसे में कार्रवाई के दौरान पुलिस की बेबसी होती है। लगे हाथों, इशारा भी दिया कि लुधियाना में चर्चित रेप-केस में एक रसूखदार नेता पर अब पुलिस कार्रवाई कर सकती है। भले ही नए पुलिस कमिश्नर ने अभी चार्ज ही संभाला है। उनकी तल्ख टिप्पणी केवल पुलिस प्रशासन के लिए ही नहीं, बल्कि उन राजनीतिक दलों के लिए भी शर्मनाक है, जिनके सत्ता में रहते महिलाओं को इंसाफ की खातिर भटकना पड़ता हो।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## महंगाई की मारः अब कैब मालिक उतरे सड़कों पर

### पैट्रोल, डीजल, सीएनजी महंगा होने से खफा टैक्सी यूनियन ने डीसी को सौंपा मेमोरेंडम




लुधियाना/यूटर्न/ 12 अप्रैल। समाज के हर तबके पर महंगाई की चौतरफा मार की तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। मंगलवार को एलटीयू टैक्सी ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी की अगुवाई में मिनी सेक्रेटेरिएट में रोष प्रदर्शन किया गया। पक्खोवाल रोड पर सिंगला एंक्लेव से रोष रैली निकालते हुए टैक्सी मालिक और उनके स्टाफ मेंबर नारेबाजी करते हुए डीसी दफ्तर पहुंचे। उन्होंने पेट्रोल, डीजल व सीएनजी की बढ़ती कीमतों पर लगाम कसने के बारे में एक मेमोरेंडम डिप्टी कमिश्नर वरिंदर कुमार शर्मा के जरिए केंद्र सरकार को भेजा। जिसमें रोष जताया गया कि बढ़ती महंगाई से बेहाल टैक्सी संचालक पैट्रोल, डीजल और सीएनजी के रेट बढ़ने से दोगुने परेशान हैं।

### राहत और आफत दोनों ही एक साथ!

## सीएम का दावा, निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलने देंगे

### कॉन्वेंट स्कूल ने 11वीं क्लास में दाखिले की मोटी फीस मांग रहे



लुधियाना/यूटर्न/12 अप्रैल। एक तरफ मुख्यमंत्री भगवंत मान प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने के दावे कर रहे हैं तो दूसरी तरफ जमीनी हकीकत हकीकत इसके एकदम उलट है। इसी शहर के पेरेंट्स ने सैक्रेड हार्ट स्कूल की सराभा नगर ब्रांच द्वारा 11वीं क्लास के नए सेशन के लिए दाखिले के बारे में जारी फरमान पर रोष जताया। जिसमें पहली इंस्टॉलमेंट के तहत 35 हजार 140 रुपये जमा करने के हिदायत दी गई है। यह फीस 16 अप्रैल तक जमा करने की अंतिम तारीख है। ऐसे में महंगाई की चौतरफा मार से हैरान-परेशान पेरेंट्स अब अपने बच्चों के दाखिले के लिए एक साथ इतनी फीस जमा करने को लेकर चिंतित हैं। यहां काबिलेजिक्र है कि सीएम मान के दावों के मुताबिक निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से री-एडमिशन के नाम पर फीस वसूलने जैसी शिकायतें अब नहीं मिलेंगी।

## आइआइएफटी में पुरस्कार वितरण समारोह करवाया



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलाजी (आइआइएफटी) सराभा नगर में मंगलवार पुरस्कार वितरण समारोह करवाया गया। इसमें विद्यार्थियों को हाल ही में शहर में आयोजित हुए फैशन शो में ड्रेसिस तैयार करने के लिए पुरस्कृत किया गया। शहर में आयोजित हुए यू एंड आई फैशन शो में पिछले सप्ताह आइआइएफटी के 18 विद्यार्थियों ने 21 कलेक्शन की थी। विद्यार्थियों ने बताया कि दो महीने के समय में उन्होंने यह ड्रेसिस तैयार की थी और अपनी कला को ड्रेसिस पर उकेरा था। विद्यार्थियों को मोटीवेट करने के लिए पुरस्कार के रूप में उन्हें प्रशंसनीय पत्र दिए गए।

### सिमरजीत सिंह बैंस की बढ़ी मुश्किलें

## रेप केस में अग्रिम जमानत खारिज

लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। बलात्कार केस में पूर्व विधायक व लिप प्रमुख सिमरजीत सिंह



बैंस की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। स्थानीय अतिरिक्त सत्र न्यायधीश रशमी शर्मा की अदालत ने उनकी रेप केस में लगाई अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। पिछले करीब एक साल से बैंस रेप केस मामले से घिरे हुए हैं और पिछले करीब छह महीने से ये पूरा मामला बैंस के गले की फांस बना हुआ है। बैंस ने आज रेप मामले में गिरफतारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी, जो खारिज हो गई।

## कांग्रेसियों की गांधीगिरी



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। लुधियाना के हल्का ईस्ट में फायरिंग मामले के विरोध में कांग्रेसियों ने मुंह पर काली पट्टियां बांध कर रोष धरना दिया। उनकी अगुवाई पूर्व विधायक संजय तलवाड़ ने की।

## सामाजिक कार्यों में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाना दूसरों को प्रेरित करने जैसा : संजीव जैन



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। आल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस (युवा शाखा) पंजाब जोन-2 इस बार श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी का 2601 जन्म कल्याणक उत्सव दिवस के रूप में साप्ताहिक रूप से जीव दया व सामायिक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर सिविल लाइंस जैन स्थानक में आल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस युवा शाखा की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव जैन आत्म, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजन जैन केपी व पंजाब चैप्टर अध्यक्ष अरुण जैन गुग्गू के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में भगवान महावीर स्वामी जी के कल्याणक उत्सव को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को महिला शाखा की ओर से ब्लाइंड बच्चों के स्कूल में लगभग 130 बच्चों को मनपसंद खाने की वस्तु, दूध और खीर आदि वितरित की गई। इस अवसर पर संजीव जैन आत्म, राजन जैन केपी, अरुण जैन गुग्गू ने कहा कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम और आप सभी इसमें तन मन धन से पूर्ण रूप से सहयोग दें।

ताकि इस मुहिम का अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें व जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर संजय जैन, दिपांशु जैन, राजीव जैन, अभय जैन, लव जैन नाहर, कुणाल जैन, श्रेयन जैन, जिनेश जैन, हर्ष-वर्धन जैन, आदीश जैन, नरेश जैन दुग्गड़, अरविंद जैन, सुमित जैन, रोहित जैन, महिला मंडल प्रवीण जैन मधु, सरुचि जैन, निपुंन जैन, नैंसी जैन, दीपा जैन, शीनम जैन, महक जैन, आदि शामिल थे।

## पोस्टर मेकिंग में खुशी ने पाया पहला स्थान



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। कमला लोहटिया सनातन धर्म कालेज में विवान इंडिया -2047 विषय पर पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीकाम, बीबीए, बीसीए और बीए के कई छात्रों ने कलात्मक कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एमकाम वन की छात्रा ख़ुशी, बीकाम वन की अनवी सोनी तथा बीकाम सेकेंड के अर्नव जैन क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे, जबकि बीकाम सेकेंड के हिमांशु , बीकाम वन की साक्षी वर्मा और बीए वन की रिया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रिंसिपल डा. राजेश कुमार मरवाहा ने प्रतिभागियों और इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए प्रो.राधा ,प्रो. जसप्रीत कौर तथा प्रो.करमजीत कौर की भी सराहना की।

## मास्टर क्लास में लगा कुकिंग का तड़का






लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। मास्टर क्लास में इनोवेटिव डिश तैयार कर कुकिग का तड़का लगाया गया। डिश भी ऐसी बनाई जो घर पर आसानी से तैयार की जा सकती है। सोमवार बैटर किचन की ओर से लोधी क्लब में मास्टर क्लास आयोजित की गई जिसमें शेफ गौतम महरिशी पहुंचे। उन्होंने लाजवाब डिशिज का डेमो मौजूद मेंबर्स को दिया। इसके बाद शेफ नीलू कौड़ा ने इडली में सांबर की स्टफिग कर डिश तैयार की जिसे सांबर इनसाइड इडली का नाम दिया गया। कहने को तो हर घर में सांबर-इडली बनते हैं लेकिन डिश को जिस अंदाज से कुछ ही मिनटों में तैयार किया गया, वह देखने में तो यूनीक थी ही, साथ में इनोवेटिव से भरपूर दिखी। नीलू कौड़ा ने लाइव डेमो के जरिए जहां उक्त डिश का डेमो दिया, वहीं कहा कि उनकी हर चीज घर पर मौजूद सामान से आसानी से तैयार हो सकती है। मास्टर क्लास के बाद होम शेफ्स के लिए कलीनरी चैलेंज का आयोजन किया गया जिसका थीम रीजनल थाली रहा। भाग लेने वाले होम शेफ को पैंतालीस मिनट का समय दिया गया और उन्होंने घर से तैयार की इस थाली का यहां डिस्पल लिया। आत्मविश्वास, टेस्ट और प्रेजेंटेशन तीनों को ध्यान में रखते हुए ही विनर्स की घोषणा की गई।

## रक्तदान स्वास्थ्य के लिए जरूरीः दर्शन लाल बवेजा



लुधियाना / यूटर्न / 12 अप्रैल। भगवान महावीर स्वामी जी के 2601 जन्म कल्याणक उत्सव को लेकर 30वां विशाल रक्तदान कैंप एसएएन जैन स्कूल प्रांगण में 14 अप्रैल दिन को किया जाएगा। समारोह का आयोजन न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ, मां वैष्णो देवी चेरिटेबल अस्पताल के तत्वावधान में आयोजित होगा। समारोह सुबह नौ से शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। उक्त जानकारी संघ अध्यक्ष राजेश जैन बाबी ने संघ व क्लब सदस्यों के साथ दर्शन लाल बवेजा कार्यालय में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने इस दौरान दर्शन लाल बवेजा को कैंप का निमंत्रण दिया। निमंत्रण स्वीकार करते हुए दर्शन लाल बवेजा ने कहा कि रक्तदान बहुत जरूरी है, संघ व क्लब सदस्य जो 20 वर्ष से सामाजिक कार्य कर रहे हैं, काबिले तारीफ है।

इस अवसर पर राजेश जैन बाबी ने कहा कि रक्तदान कैंप में डीएमसी, सीएमसी, गुरु तेग बहादुर, रेडक्रास सोसायटी आदि अस्पताल टीमों से आकर डाक्टरी टीमों रक्त को एकत्रित करेंगी। संघ सदस्य समाज में योगदान देने वाली शख्सियतों को सम्मानित करेगा। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी सहित, हरेंद्र हैंपी, सचिन जैन, लवली भंडारी, राकेश टंडन, अमित गुप्ता, राजीव जैन, पुनीत जैन, अकुंश जैन, सार्थक जैन आदि शामिल थे।


## खबर जरा हटके

## टमाटर से स्किन को मिलते हैं यह बेमिसाल फायदे

अपनी स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं नेचुरल इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। खासतौर से, अपनी किचन में मौजूद फल-सब्जियों को वह अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाती हैं। इन्हीं इंग्रीडिएंट में से एक है टमाटर। ऐसा कहा जाता है कि टमाटर को डाइट में शामिल करने व इससे फेस पैक बनाकर स्किन पर लगाने से उससे कई लाभ मिलते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर टमाटर को स्किन पर लगाया जाए तो इससे आपकी स्किन को क्या लाभ मिलते हैं। अगर नहीं, तो चलिए आज इस लेख में हम आपको टमाटर से स्किन को मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में बता रहे हैं- गर्मी के दिनों में गर्मी व धूप के कारण स्किन अनइवन हो जाती है, जिससे वह डल व बेजान नजर आती है। लेकिन अगर आप टमाटर को स्किन पर लगाती हैं, तो इससे स्किन टोन को अधिक बेहतर व इवन बनाने में मदद मिलती है। दरअसल, टमाटर में विटामिन सी मौजूद होता है, जो आपकी स्किन की रंगत को निखारता है। अगर आपकी स्किन ऑयली या एक्ने प्रोन है, तो ऐसे में आपको टमाटर को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करना चाहिए। दरअसल, इसमें मौजूद विटामिन सी ना केवल आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाता है, बल्कि इससे चेहरे का चिपचिपापन व ऑयल भी कम होता है।



## आज का विचार




## कार्टून




## सामाजिक खिड़की से




# सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक हैं भगवान श्रीराम

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार समूचे भारतवर्ष में अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। हालांकि इस वर्ष फिर से बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते ऐसे आयोजन ज्यादा धूमधाम से मनाए जाने की संभावना कम ही रहेगी लेकिन भीड़-भाड़ से बचकर लोग अपने घर में भी अपने आराध्य देव के जन्मोत्सव को श्रद्धापूर्वक मना सकते हैं। विभिन्न हिन्दू धर्मग्रंथों में कहा गया है कि श्रीराम का जन्म नवरात्र के अवसर पर नवदुर्गा के पाठ के समापन के पश्चात् हुआ था और उनके शरीर में मां दुर्गा की नवीं शक्ति जागृत थी। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। वाल्मिकी रामायण के अनुसार, ''भगवान श्रीराम चन्द्रमा के समान अति सुंदर, समुद्र के समान गंभीर और पृथ्वी के समान अत्यंत धैर्यवान थे तथा इतने शील सम्पन्न थे कि दुखों के आवेश में जीने के बावजूद कभी किसी को कटु वचन नहीं बोलते थे। वे अपने माता-पिता, गुरूजनों,



भाईयों, सेवकों, प्रजाजनों अर्थात् हर किसी के प्रति अपने स्नेहपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया करते थे। माता-पिता के प्रति कर्तव्य पालन एवं आज्ञा पालन की भावना तो उनमें कूट-कूटकर भरी थी। उनकी कठोर से कठोर आज्ञा के पालन के लिए भी वह हर समय तत्पर रहते थे। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए।

# क्या आपको भी होती है गर्मी में बाल झड़ने की समस्या?

गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप, धूल और पसीने की वजह से बाल बेजान, रूखे और झड़ने लगते हैं। गर्मी में बालों से जुड़ी कई अन्य समस्याएं भी होने लगती हैं। इस मौसम में इतना पसीना आता है कि ज्यादातर लोग बालों में तेल लगाने से परहेज करने लगते हैं और फिर उनके बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। अगर आपको भी गर्मी के मौसम में बाल झड़ने की समस्या होती हैं तो हमारा आज का यह आर्टिकल आपके लिए है। आज के अपने इस आर्टिकल में हम कुछ तेलों के बारे में बताएँगे जो आपके बालों को चिपचिपा बनाये बिना मजबूत बनाएंगे और इससे आपके बालों का झड़ना बंद हो जायेगा साथ ही अन्य बालों की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। अगर आप भी झड़ते बालों से परेशान हैं तो इस गर्मी के मौसम में बादाम के तेल का इस्तेमाल करें। बादाम के तेल में विटामिन ई की अच्छी मात्रा पायी जाती है। यह बाकी तेल के मुकाबले लाइट होता है और आप रोजाना इससे



अपने सिर में मालिश कर सकते हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों को मजबूती मिलती है और बालों का झड़ना बंद हो जाता है।

### एवोकाडो का तेल

एवोकाडो में विटामिन ए, बी, डी, ई, आयरन, अमिनो एसिड्स, फोलिक एसिड्स जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो बालों की जड़ों के लिए काफी जरुरी हैं। इसलिए अगर आपको बालों से जुड़ी कोई भी समस्या हो रही है तो एवोकाडो के तेल का इस्तेमाल करें। यह रूखे, बेजान और खराब बालों को ठीक करने में मदद करता है। इसके अलावा एवोकाडो का तेल धूप से बालों को बचाता भी है।

### ऑलिव का तेल

ऑलिव ऑयल भी बालों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। जिन लोगों के बाल हद से ज्यादा संवेदनशील होते हैं वह बिना डरे इस तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऑलिव ऑयल संवेदनशील बालों को पोषण प्रदान करता है और इससे बालों को कोई नुकसान भी नहीं होता है।

### नारियल का तेल

नारियल तेल आसानी से मिल जाता है और लगभग हर प्रकार के बालों के लिए अच्छा रहता है। ज्यादातर लोग इस तेल का इस्तेमाल करते हैं और यह बालों की लगभग हर समस्या का इलाज है। नारियल तेल से सिर में मालिश करने से बालों के विकास में मदद मिलती है और डैंड्रफ से भी राहत मिलती है।

# भारत के ये 7 सबसे बड़े चिड़ियाघर दुनियाभर में हैं प्रसिद्ध

बचपन में आप भी अपने घरवालों के साथ चिड़ियाघर घूमने तो गए ही होंगे। देश में चिड़ियाघरों का निर्माण दुर्लभ पशु-पक्षियों का संरक्षण और उन पर शोध करने के लिए किया गया था लेकिन धीरे-धीरे ये मनोरंजन के केंद्र बन गए हैं। आज के समय में लोग मनोरंजन और मन बहलाव के लिए चिड़ियाघर घूमने जाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको भारत के 7 सबसे बड़े चिड़ियाघरों के बारे में बताएंगे -

### दिल्ली का चिड़ियाघर

देश की राजधानी दिल्ली में स्थित चिड़ियाघर भारत ही नहीं बल्कि एशिया के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक है। इस चिड़ियाघर का निर्माण 1959 में श्रीलंका के डिज़ाइनर मेजर वाइनमेन और पश्चिम जर्मनी के कार्ल हेगलबेक ने किया था। यह चिड़ियाघर दिल्ली के पुराने किले के पास स्थित है।

### मैसूर का चिड़ियाघर

कर्नाटक के मैसूर में स्थित चिड़ियाघर दुनिया के सबसे पुराने चिड़ियाघरों में से एक है। इस चिड़ियाघर का निर्माण 1892 में शाही संरक्षण में हुआ था। इस चिड़ियाघर में 40 से भी ज्यादा देशों से लाए गए जानवरों को देखा जा सकता है।

### चेन्नई का चिड़ियाघर

चेन्नई में स्थित अरिनगर अन्ना जुलॉजिकल पार्क भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर है। यह देश का सबसे लोकप्रिय और प्रसिद्ध चिड़ियाघर है और इसे देश का पहला पब्लिक जू भी कहा जाता है। इस चिड़ियाघर को पहले मद्रास जू के नाम से जाना जाता था लेकिन बाद में इसका नाम बदलकर तमिल नेता अरिनगर अन्ना के नाम पर कर दिया गया।

### हैदराबाद का चिड़ियाघर

आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में स्थित चिड़ियाघर भारत के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक है। इस चिड़ियाघर को नेहरू जियोलॉजिकल पार्क के नाम से भी जाना जाता है। यह चिड़ियाघर ना केवल देश बल्कि दुनियाभर में मशहूर है। यह चिड़ियाघर 380 एकड़ में फैला हुआ है और यहाँ एक झील भी है। इस चिड़ियाघर की स्थापना 1963 में हुई थी।

### केरल का चिड़ियाघर

दक्षिण भारत में स्थित केरल का त्रिवेंद्रम चिड़ियाघर देश के सबसे बड़े और लोकप्रिय चिड़ियाघरों में से एक है। इस चिड़ियाघर का निर्माण 1857 ई में हुआ था और यह देश का दूसरा सबसे पुराना चिड़ियाघर है। तिरुवनंतपुरम के पीएमजी जंक्शन के पास स्थित यह चिड़ियाघर 55 एकड़ में फैला हुआ है।

### असम का चिड़ियाघर


असम के गुवाहाटी में स्थित चिड़ियाघर देश के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक है। लगभग 1175 किलोमीटर में फैले हुए इस चिड़ियाघर की स्थापना 1957 में हुई थी। इस चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर, एशियाटिक लायन, हिमालनीय काला भालू, भारतीय गैंडे के अलावा कई देशी और विदेशी पशु-पक्षी मौजूद हैं।

### ओडिशा का चिड़ियाघर

ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित नंदनकानन चिड़ियाघर देश के सबसे बड़े चिड़ियाघरों में से एक हैं। यह चिड़ियाघर 400 हैक्टेयर में फैला हुआ है, जिसे 1979 में आम लोगों के लिए खोल दिया गया था।

# सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण आईपीएल से बाहर

मुंबई / यूटर्नः आईपीएल 15 में सोमवार की रात हैदराबाद के लिए थोड़ी खुशी और थोड़ा गम लेकर आई। एक तरफ सनराइजर्स हैदराबाद ने गुजरात टाइटंस को जीत का चौका नहीं लगाने दिया, तो वहीं उसके स्टार ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 2 सप्ताह के लिए टीम से बाहर हो गए। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर गुजरात ने 162 रन बनाए, लेकिन सनराइजर्स ने पांच गेंद पहले ही आठ विकेट से टारगेट हासिल कर लिया। यह हैदराबाद की लगातार दूसरी जीत थी। जश्न के बीच खबर आई कि सुंदर के दाएं हाथ की चोट गंभीर है और इस कारण वह अगले 2 सप्ताह तक मैदान पर नहीं उतर सकेंगे। गुजरात के खिलाफ भी वह केवल 3 ओवर ही गेंदबाजी कर सके, जिसके बाद एडेन मार्करम ने उनके हिस्से का चौथा ओवर किया। सुंदर ने अपने 3 ओवर्स में सिर्फ 14 दिए। इस दौरान 2 ओवर उन्होंने पावर प्ले में गेंदबाजी की। हार्दिक पंड्या जैसा खिलाड़ी भी उनके खिलाफ बड़े शॉट्स नहीं खेल सका। SRH के मुख्य कोच टॉम मूडी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सुंदर कम से कम 1-2 सप्ताह के लिए टीम से बाहर रह सकते हैं। वाशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया में चुना गया था, लेकिन वह उंगली की चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए। इस चोट के कारण लास्ट IPL सीजन के सेकंड हाफ और टी-20





वर्ल्ड कप में भी हिस्सा नहीं ले सके। चोट से उबरते हुए जनवरी 2022 में सुंदर ने मैदान पर पर वापसी की और विजय हजारे ट्रॉफी में लाजवाब प्रदर्शन किया। उनकी बदौलत तमिलनाडु टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंची। अच्छे प्रदर्शन के बदले सुंदर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में चुना गया। पर ऐन मौके पर कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण वह दौरे से बाहर हो गए। इस साल चंद माह पहले वेस्टइंडीज ने भारत का दौरा किया था। सुंदर को एक बार फिर इस सीरीज में जगह मिली, लेकिन चोट ने उनका साथ नहीं छोड़ा। इस बार उन्होंने तीनों मैच खेले, जिसमें चार विकेट चटकाए। साथ ही बल्ले से लोअर ऑर्डर में 57 रन भी बनाए, लेकिन कोलकाता में खेले जाने वाले टी-20 सीरीज से पहले उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हो गई। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल और बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडर जे सुचित दो संभावित विकल्प हैं जिन्हें सनराइजर्स चुन सकता है। उनके पास अब्दुल समद भी हैं, जिनहें हैदराबाद ने रिटेन किया था। वह पार्ट-टाइम लेग स्पिन गेंदबाजी कर सकते हैं। समद को उनकी बिग हिटिंग एबिलिटी के लिए जाना जाता है, लेकिन सिर्फ गेंदबाज के तौर पर उन्हें टीम में शामिल करना मुश्किल फैसला होगा। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने बाकी टीमों की तुलना में स्पिनर्स पर थोड़ा कम विश्वास जताया है। वे चार तेज गेंदबाजों के साथ वाशिंगटन सुंदर को लेकर मैदान पर उतर रहे थे। अधिक आवश्यकता पड़ने पर एडेन मार्करम को स्पिन विकल्प के तौर पर रखा गया था।

# मोनालिसा ने मचाया इंटरनेट पर तहलका

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपने बोल्ड लुक्स के कारण अक्सर सुर्खियाँ बटोरती हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरों से अपने फैंस का दिल धड़काती रहती हैं। हाल ही में मोनालिसा ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने ब्लैक कलर की बोल्ड आउटफिट पहनकर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीरें आग की तरह फैल गई हैं। इन तस्वीरों के मोनालिसा ने ब्लैक कलर का बैकलेस टॉप और शॉर्ट स्कर्ट पहनी है। इस डीप नेक टॉप में एक्ट्रेस अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। इसके साथ मोनालिसा ने बालों में कर्ल किया है और बोल्ड आई मेकअप किया है। कैमरे के सामने मोनालिसा एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दे रही हैं। मोनालिसा के फैंस को उनका यह हॉट अवतार बेहद पसंद आ रहा है। फैंस इन तस्वीरों पर जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। फैंस ने कमेंट बॉक्स में फायर और हार्ट वाले इमोजी की झड़ी लगा दी है। आपकों बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास हैं। वह एक भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने ज्यादातर भोजपुरी भाषा की फिल्में की हैं, और हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु भाषा की फिल्मों में भी दिखाई दी हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिसा की फैन फॉलोविंग काफी तगड़ी है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ फोटोज़ और वीडियोज़ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने साल 2016 में कलर टीवी के रियलिटी शो बिग बॉस 10 में हिस्सा लिया था।





# मालदीव पहुंचीं सनी लियोन

गर्मी को काफी बढ़ गई है और लोग गर्मी में राहत के लिए उपाय ढूंढ रहे हैं। ऐसे में इंस्टाग्राम पर सनी लियोन ने अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की है, जिसमें वह मालदीव में मस्ती करती नजर आ रही हैं। उन्होंने पूल टाइम की एक थ्रोबैक सेल्फी शेयर की है। फोटो के कैप्शन में उन्होंने कैप्शन लिखा है- एक रात तैरने का मूड। पोस्ट पर फैंस ने खूब सारा प्यार बरसाया है। फैंस ने इस पर कमेंट सेक्शन में रेड हाट्र्स, फायर और रेड हार्ट आई इमोजीस की बरसात कर दी है। कुछ फैंस ने सनी लियोन की खूबसूरती की तारीफ की है तो वहीं एक यूजर ने लिखा- वाह। बता दें कि सनी लियोन अपने पति डेनियल वेबर के साथ द्वीप देश में गई हैं। इंस्टाग्राम पर दोनों ने प्यारी सी फोटो शेयर की है। सनी लियोन और डेनियल वेबर ने हाल ही में अपनी 11वीं वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट की है। इस खास दिन की फोटो उन्होंने फैंस के साथ शेयर की। वहीं हाल ही में सनी ने काजोल पर फिल्माए गया गाना कुछ कुछ होता है पर साड़ी में बास्केटबॉल खेलते हुए वीडियो शेयर की है। वह अपने पति के साथ बास्केटबॉल खेल रही हैं। इस वीडियो में सनी बेहज सुंदर दिख रही हैं। वीडियो शेयर करने के कुछ देर बाद ही वायरल हो गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी हाल ही में अनामिका में नजर आ चुकी हैं। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आई थीं। सनी लियोन अगली बार ओह माई घोस्ट में नजर आएंगी।





# शनाया ने दोस्तों के साथ की पूल पार्टी

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर जल्दी ही अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली हैं। वह करण जौहर की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। अब तक शनाया एक भी फिल्म में नजर नहीं आई हैं, लेकिन फैन फॉलोइंग के मामले में बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके लाखों फॉलोअर हैं और उनके स्टाइलिश अवतार के भी लाखों दीवाने हैं। सोशल मीडिया पर शनाया कपूर ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो उनके फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही हैं। फोटोज में शनाया कपूर अपने दोस्तों के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। फोटोज में शनाया कपूर अपने दोस्तों के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। ये फोटोज शनाया कपूर की पूल पार्टी की हैं, जिसमें उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती की। ये फोटोज शनाया कपूर की पूल पार्टी की हैं, जिसमें उन्होंने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खूब मस्ती की। फोटोज में शनाया का बिकिनी लुक खूब पसंद किया जा रहा है। फोटोज में शनाया का बिकिनी लुक खूब पसंद किया जा रहा है।

खुद बोलती तस्वीर



राजेश महाजन
फोटोग्राफर

**आकार का साहस से कोई रिश्ता नहीं :** फोटोग्राफर राजेश महाजन ने गत दिनों यह तस्वीर राजस्थान के चुरु इलाके में तालछप्पर की गोशाला के पास बनाई, जिसमें कौव्वा सूखे पेड़ पर बैठे एक मैदानी उकाब को हटाने की जुर्रत कर रहा है।

# रोप-वे रेस्क्यू ऑपरेशनः हादसे के 45 घंटे बाद 46 को बचाया गया, 4 की जान भी गई

देवघर / यूटर्नः झारखंड के देवघर में त्रिकुट पर्वत पर रोप-वे हादसे के 45 घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया। रोप-वे की ट्रॉलियों में फंसे 48 लोगों में से 46 को बचा लिया गया है। हादसे में कुल 4 लोगों की मौत हुई है और 12 से ज्यादा घायल हैं। रेस्क्यू के दौरान दूसरे दिन भी एक महिला ट्रॉली से गिर गई। उसकी मौत हो गई। सोमवार को भी एक युवक की हेलिकॉप्टर में चढ़ाने के दौरान गिरने से जान चली गई थी। मंगलवार को तीसरे दिन 7 घंटे के करीब ऑपरेशन चला। एयरफोर्स और आईटीबीपी के जवानों ने हेलिकॉप्टर से 2500 फीट ऊंचाई पर पहुंचकर रोप-वे की तीन ट्रॉलियों में फंसे 15 को निकाल लिया। ऊंचाई और तेज हवा होने की वजह से यह सबसे मुश्किल रेस्क्यू



हुआ। रेस्क्यू के दौरान एक जवान के पैर में चोट लग गई। एक दिन पहले सोमवार को सेना, वायुसेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ की टीमों ने 12 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था। इसमें 33 लोगों को तीन हेलिकॉप्टर और रस्सी के सहारे बचाया गया था। रेस्क्यू के दौरान सेफ्टी बेल्ट टूट जाने के कारण एक व्यक्ति की हेलिकॉप्टर से नीचे गिर कर मौत हो गई थी। अंधेरा और कोहरा हो जाने की वजह से ऑपरेशन बंद कर दिया गया था। वायु सेना, सेना और एनडीआरएफ की टीमें अतिरिक्त सतर्कता बरती। टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि तीन ट्रॉली सबसे ऊंचाई पर थे, जिसकी वजह से रोप-वे के तार के कारण लोगों तक पहुंचने में कठिनाई आई। इस ऑपरेशन में वायु सेना के तीन हेलिकॉप्टर लगाया गया था। आला अधिकारियों ने लगातार मौके पर कैंप किया। इस हादसे में बचाए गए 12 से अधिक लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें महिलाएं और बच्चियां शामिल हैं। कुछ घायलों को आईसीयू में भी रखा गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म होने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, 'रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है।

# रूस से तेल खरीदना भारत के हित में नहीं, हमसे हथियार खरीदिएः बाइडेन

वॉशिंगटन। भारत और अमेरिका के बीच 2+2 बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच वर्चुअल मुलाकात हुई। इस दौरान बाइडेन ने PM नरेंद्र मोदी से यूक्रेन पर हमले के चलते रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बीच रूस से तेल और गैस न खरीदने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि रूस से तेल खरीद में तेजी लाना या बढ़ाना, भारत के हित में नहीं है। अमेरिकी प्रेसिडेंट ने अमेरिका से हथियार लेने का प्रस्ताव भी रखा। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच भारत के स्टैंड को लेकर अमेरिका पहले भी ऐतराज जाहिर कर चुका है। अमेरिका चाहता है कि रूस के साथ भारत अपने रिश्तों को सीमित रखे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा था- भारत का 1-2%



तेल आयात रूस से होता है, जबकि लगभग 10% अमेरिका से होता है। हालांकि, करीब एक घंटे चली दोनों नेताओं की बैठक में जो बाइडेन ने यूक्रेन-रूस जंग के मसले पर भारत पर किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया। बाइडेन ने कहा- हमारे और आपके (भारत के) मिनिस्टर्स भी मिल रहे हैं। कोविड-19 के दौरान हमने हेल्थ और इकोनॉमी से जुड़े कई चैलेंज फेस किए। हमारे बीच डिफेंस समेत कई सेक्टर में बहुत मजबूत पार्टनरशिप है। हम दोनों देश दुनिया के लिए लोकतंत्र की मिसाल हैं। भारत ने यूक्रेन को जो मदद दी है, उसका मैं स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- हाल ही में बुचा में मासूम नागरिकों के मारे जाने की खबर बहुत चिंताजनक है। हमने उसकी निंदा की और निष्पक्ष जांच की मांग की। PM मोदी ने यह भी कहा कि भारत ने रूस से हाल की एक बातचीत में सुझाव था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की आमने-सामने बैठकर बात करें। इस वर्चुअल मीटिंग के दौरान बाइडेन ने कहा- हम दो बड़े लोकतांत्रिक देश हैं।

# हार्दिक पटेल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, 2 साल की सजा पर रोक

अहमदाबाद / यूटर्नः गुजरात में कांग्रेस के नेता हार्दिक पटेल को आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान हुए दंगों और आगजनी में अपील पर फैसला आने तक कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल की सजा पर रोक लगा दी है। मंगलवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि संबंधित हाईकोर्ट को सजा पर रोक लगानी चाहिए थी। पाटीदार आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने हार्दिक पटेल को दोषी माना था। इसी मामले में हार्दिक फिलहाल जमानत पर हैं। लेकिन, दोषी होने के चलते हार्दिक पटेल कोई चुनाव नहीं लड़ सकते थे। इसके बाद हार्दिक ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और 2019 के लोकसभा चुनावों का हवाला देकर जल्द से जल्द सुनवाई करने की अपील की थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका



पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया था और हार्दिक लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इससे पहले बीते महीने गुजरात सरकार ने पाटीदार आरक्षण आंदोलन के संबंध में दर्ज 10 मामले वापस ले लिए हैं। सरकारी वकील सुधीर ब्रह्मभट्ट ने कहा उस वक्त कहा था कि कि राज्य सरकार द्वारा कलेक्टरों को दिए गए निर्देशों के अनुसार मामलों को वापस लेने के लिए विभिन्न अदालतों में आवेदन जमा किए गए थे।

## वायुसेना के चिनूक ने सबसे लंबी नॉन-स्टॉप उड़ान का रिकॉर्ड बनाया


नई दिल्ली / यूटर्नः भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर CH-47F (I) चिनूक ने सोमवार को भारत में सबसे लंबी उड़ान का रिकॉर्ड बनाया। चिनूक हेलिकॉप्टर ने चंडीगढ़ से असम के जोरहट के लिए नॉन स्टाप उड़ान भरी। 1,910 KM की दूरी को साढ़े सात घंटे में बिना रुके पूरी कर चिनूक ने नॉन स्टाप सबसे अधिक दूरी की उड़ान भरने का रिकॉर्ड बनाया। चिनूक हेलिकॉप्टर की इस उड़ान ने हर किसी को चौंका दिया। देश में पहली बार किसी हेलिकॉप्टर ने यह कारनामा किया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि चिनूक हेलिकॉप्टर ने असंभव को संभव कर दिखाया है। इस हेलिकॉप्टर ने एक बार फिर अपनी क्षमता को साबित किया है। भारत ने चिनूक हेलिकॉप्टर अमेरिका से खरीदे हैं। चिनूक हेलिकॉप्टर भारी-भरकम सामान को भी काफी ऊंचाई तक आसानी से ले जा सकता है। चिनूक हेलिकॉप्टर भारी-भरकम सामान को भी काफी ऊंचाई तक आसानी से ले जा सकता है।

## लखीमपुर खीरी के गवाह पर हमले का मामला : पुलिस बता रही सड़क हादसा

रामपुर / यूटर्नः रामपुर में लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य गवाह हरदीप सिंह पर जानलेवा हमले का मामला उलझ गया है। इस घटना को एक तरफ पुलिस सड़क हादसा बता रही है, वहीं रालोद नेता जयंत चौधरी ने ट्वीट करके कहा- इसीलिए योगी जी टेनी के बेटे की बेल चाहते थे। आरोपी बीजेपी नेता मेहर सिंह इसे झूठा आरोप बता रहे हैं। इस मामले में भाजपा नेता समेत 2 नामजद और तीन अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया गया है। भुकसौरा गांव के रहने वाले हरदीप सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम वह गुरुद्वारे में मत्था टेककर वापस घर की तरफ जा रहे थे। नवाबगंज रोड पर किंग विला होटल के पास अहरौला गांव निवासी भाजपा नेता मेहर सिंह देयोल, महेश गार्डन निवासी सर्वजीत सिंह घुम्मन और तीन अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की गई। हरदीप सिंह का आरोप है कि भाजपा नेता मेहर सिंह देयोल ने उनके मुंह पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल मारी, जिससे वह घायल हो गया।

# नदिया रेप केस में टीएमसी नेता का बेटा गिरफ्तार

कोलकाता / यूटर्नः पश्चिम बंगाल के नदिया में एक 14 साल की लड़की के साथ कथित तौर पर गैंगरेप के बाद उसकी मौत हो गई है। लड़की के परिवार ने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस के एक पंचायत सदस्य के बेटे को जिम्मेदार ठहराया है। टीएमसी नेता के बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस घटना को लेकर परिवार के गैंगरेप के दावे पर ही सवाल खड़े कर दिए। ममता ने कहा, 'आपको कैसे पता कि उसके साथ रेप हुआ, क्या वो प्रेग्नेंट थी, या लव अफेयर का मामला था या फिर वह बीमार थी।' उन्होंने कहा कि अगर कपल रिलेशनशिप में है तो हम उन्हें कैसे रोक सकते हैं, यह यूपी नहीं है कि मैं लव जिहाद के नाम पर ऐसा कर सकती हूं। सीएम ने कहा, 'लड़की की मौत 5 तारीख को हुई और पुलिस को 10 तारीख को पता चला। अगर 5 अप्रैल को उसकी मौत हुई और अगर शिकायत है तो वे घटना वाले दिन पुलिस के पास क्यों नहीं गए? उन्होंने शव का अंतिम संस्कार किया। पुलिस को सबूत कहां से मिलेगा?




Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma